तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 5 मार्च 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 जपं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव निरस्त होने पर...





14 बोर्ड परीक्षा के विभिन्न केन्द्रों का डिप्टी कलेक्टर...




## खबर संक्षेप

### दुर्घटना, ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 110 में हुई दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 5 फरवरी को मृतक अपने गांव के ट्रैक्टर ड्राइवर चंदू मट्टामी के साथ काम करने के लिए ग्राम जबेलीखुर्द थाना पिपलीबुरगी जिला गढ़चिरोली महाराष्ट्र से ग्राम पीव्ही 110 की ओर निकला था। ग्राम पीव्ही 110 मणिपुर खगेन्द्र मृधा के खेत सामने रोड़ में ट्रैक्टर ड्राइवर चंदू मट्टामी द्वारा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीपी 0145 को तेजी एवं लापरवाही उपेक्षापूर्वक चलाने से ड्राइवर के साईड सीट में बैठा संजय कौड़ो चलती ट्रैक्टर से गिरकर टॉयर के नीचे दब गया और मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से तीन की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत बैकुंठपुर निवासी 32 वर्षीय निकार राय को सांप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 19 अक्टूबर को सुबह 5 बजे गढ़चिरौली के अस्पताल में मौत हो गई। पखांजुर निवासी 25 वर्षी जगबंधु ब्रम्ह की इलाज के दौरान जिला अस्पताल गढ़चिरौली में 28 सितंबर को मौत हो गई। अस्पताल की ओर से मर्ग डायरी पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को सांप ने काट लिया था। पखांजुर निवासी 52 वर्षीय ललित राय ने भी ईलाज के दौरान जिला अस्पताल गढ़चिरौली में 23 अक्टूबर को दम तोड़ दिया। मृतक को सांप ने काट लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

**चुनाव :** कांकेर में पूर्णिमा कावड़े व नरहरपुर में सोमन सिंह कावड़े बने जपं अध्यक्ष

# कांकेर व नरहरपुर जनपद में भाजपा का कब्जा, पांच जनपद पंचायतों में चुनाव निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले की सात जनपद पंचायतों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए चुनाव होना था, परंतु जिले के केवल 02 जनपद पंचायत में चुनाव हुआ, जहाँ पर भाजपा का कब्जा हो गया। इसके अलावा अन्य पांच जनपद पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में चुनाव स्थगित का आदेश जारी हो गया। कई जगह ज्ञापन सौंपा गया और कई जगह बवाल भी मच गया।

- कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रत्याशी ने लगाए खरीद फरोख्त के आरोप

**कांकेर में भाजपा का कब्जा:-** जनपद पंचायत कांकेर में निर्धारित समय पर सुबह 11 बजे जनपद पंचायत के 16 में से 15 सदस्य ओमेश कुमार साहू, सरस्वती केमरो, पंचूराम नायक, मिथलेश कुमार मंडावी, गंगा बाई शोरी, रोमनाथ जैन, अहिल्या गौतम जैन, हिमेश्वरी साहू, तारणी रूपेश्वर ठाकुर, अशोक कुमार कचलाम, नितेश कुमार सलाम, हेमलता जीत कवाची, गीता रमेश गावड़े, पूर्णिमा ईश्वर कावड़े, राजेश्वरी नेताम पहुँचे गए थे, केवल एक सदसय लखन मंडावी चुनाव के अंतिम समय तक नहीं पहुँच पाया था। जनपद सदस्यों की उपस्थिति के उपरांत अध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से पूर्णिमा कावड़े ने नामांकन दाखिल किया था, वहीं कांग्रेस की ओर से हेमलता जीत कवाची ने नामांकन दाखिल किया। उपस्थित जनपद सदस्यों ने मतदान किया और प्रत्याशियों के लिए मिले वोट की गिनती करने पर पूर्णिमा कावड़े को 8 और कवाची को 7 मत मिले। रिटनिंग अधिकारी ने पूर्णिमा कावड़े की जीत की घोषणा किया। इसके उपरांत उपाध्यक्ष के चयन की कार्रवाई प्रारंभ हुई। उपाध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से तारिणी रूपेश्वर ठाकुर ने नामांकन दाखिल किया और कांग्रेस की ओर से रोमनाथ जैन ने नामांकन दाखिल किया था। तारिणी रूपेश्वर ठाकुर को 10 और रोमनाथ जैन को 05 मत मिले। उपाध्यक्ष के लिए कांग्रेस के दो सदस्यों ने क्रास वोटिंग करते हुए भाजपा समर्थित तारिणी ठाकुर को वोट दे दिया। कांग्रेस की ओर से ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नरहरपुर में भाजपा का कब्जा, सोमन अध्यक्ष व संजू तीसरे बार बने उपाध्यक्ष



जनपद पंचायत नरहरपुर में निर्धारित समय पर सुबह 11 बजे जनपद पंचायत के 19 सदस्य यमुना देवी सिन्हा, भोपेश नेताम, मोनिका नेताम, वेदवती सुकचंद शोरी, रीना नेताम, कांति पटेल, शिल्पा साहू, चंद्रभान नेताम, सोमन सिंह कावड़े, पुष्पा ठाकुर, भाउराम भास्कर, संजू गोपाल साहू, मीना बंटी राय, अमरीका नेताम, चिंतामणि रामटेके, सोहेंद्र कुजांम, केथन्तीन शोरी, संगीता शोरी और पवन कुमार नेताम पहुँचे गए थे। जनपद सदस्यों की उपस्थिति के उपरांत अध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से सोमन सिंह कावड़े ने नामांकन दाखिल किया था, वहीं कांग्रेस की ओर से पुष्पा ठाकुर ने नामांकन दाखिल किया। उपस्थित जनपद सदस्यों ने मतदान किया और प्रत्याशियों के लिए मिले वोट की गिनती करने पर भाजपा की ओर से नामांकन दाखिल करने वाले सोमन सिंह कावड़े को एकतरफा 15 वोट और पुष्पा ठाकुर को मात्र 04 मत मिले। इसके उपरांत उपाध्यक्ष के चुनाव की कार्यवाही प्रारंभ हुई। उपाध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से संजू गोपाल साहू ने और कांग्रेस की ओर से शिल्पा साहू ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा के संजू गोपाल साहू को 15 और कांग्रेस की ओर से नामांकन दाखिल करने वाली शिल्पा साहू को केवल 04 वोट ही मिले। संजू गोपाल साहू तीसरी बार जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बनें, प्रदेश में यह पहले उपाध्यक्ष है, जो लगातार तीसरी बार उपाध्यक्ष बने।



### संगठन व विधायक की मदद से संभव हो सका

नरहरपुर जनपद पंचायत के तीसरी बार उपाध्यक्ष बनने वाले संजू गोपाल साहू ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि यह जीत हमारी नहीं, यह जीत जनता की है। जनता के आर्शीवाद से मैं जनपद सदस्य बना, उसके उपरांत विधायक आशाराम नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य की मदद से नरहरपुर जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर भाजपा का कब्जा हो सका है, मैं अपने सभी जनपद सदस्य के साथियों का आभार करता हूँ, जिन्होने मुझे उपाध्यक्ष बनाया।

# किराए पर मकान देने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय कांकेर में अनाधिकृत रूप से एवं पुलिस को बिना जानकारी दिए किराए पर मकान देने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कार्यवाही करने का फरमान जारी किया गया। मकान मालिक किराएदारों के समस्त दस्तावेज प्रोफार्मानुसार थाना जमा कराने कांकेर पुलिस की विशेष मुहिम जारी किया है। सारंडा के मोबाईल टॉवर में लगे बैटरियों की चोरी की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पता तलाश के दौरान आरोपीगणों की गिरफ्तारी दिल्ली से की गई थी। आरोपीगण विगत 08 माह से थाना क्षेत्र में किराये के मकान में निवासत रहे व विभिन्न रिहायशी स्थानों की रेकी कर 04 स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उपरोक्त अपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं बांग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन में एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना कांकेर से कई थाना क्षेत्र से जानकारी मानी गई है।

**इन थानों से मांगी गई है जानकारी :-** थाना कांकेर के साकेत नगर, एकता नगर, कंकालिनपारा, संजय नगर, शीतलापारा, ईमलीपारा, अलबेलापारा, सिगारभांट, मनकेशरी, ठेलकाबोड़, शिवनगर, राजापारा, अटलआवास शिवनगर, टिकरापारा, महादेव वार्ड, भंडारीपारा, श्रीरामनगर, मांझापारा, सुभाषवार्ड, एमजी वार्ड, शांतिनगर, अघननगर, झुनियापारा एवं बरदेभांटा के साथ शहरी क्षेत्र से लगे ग्राम पंडरीपानी, मालगांव, पथर्री, कोदाभाट, गोविन्दपुर में शहर में हो रहे विभिन्न घटनाओं को देखते हुए पुलिस थाना प्रभारी मनीष नागर के द्वारा 27 फरवरी से अभियान चलाकर सभी उपरोक्त मोहल्ला एव वार्ड पर मकान मालिकों को किरायेदारों की सूची प्रोफार्मा वितरण कर प्रोफार्मा के अनुरूप जानकारी मांगी गई है।

शहर में सभी स्थानों पर पुलिस टीम मकान मालिकों को बिना वेरेफिकेशन के संदेहियों को मकान किराये पर दिया गया है उनके खिलाफ धारा-170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## सार्वजनिक जगह पर शराबखोरी तेरह लोगों को पुलिस ने दबोचा



**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने सार्वजनिक जगह पर शराबखोरी करते हुए शराबियों को पकड़ा और आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। मिली जानकारी अनुसार 3 मार्च को पखांजुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए पीव्ही 55 वाले रास्ते पर आरोपी महादेव दास, कमलेश मंडल, अरविंद दास, तपन भद्रो, गोपाल मंडल, राहुल मिस्त्री, हाई स्कूल मैदान पखांजुर पास से आरोपी मिहिर मंडल, प्रसेनजीत मिस्त्री, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## परीक्षा दिलाने निकली नाबालिग का हुआ अपहरण, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के नाबालिग के अपहरण का मामला सामने आया है। नाबालिग के परिजन ने थाना में अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया।

नाबालिग के परिजन ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 2 मार्च रविवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी नानी के यहां कक्षा 10 वीं का परीक्षा दिलाने जा रही हूं कहकर घर से निकली, जो घर वापस नही आने पर रिश्तेदार एवं आस पड़ोस मे पता तलाश किए। कही पता नही चल पाया। मेरी नाबालिग बेटी कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग जानते हुए उसे बहला फुसलाकर अपहरण कर कही भगा ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## घर के सामने खड़ी एक्टिवा पर अज्ञात चोर ने किया हाथ साफ, जांच में जुटी पुलिस



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चारामा के सदर बाजार में घर के बाहर खड़ी एक्टीवा को आधी रात को अज्ञात चोर चोरी कर रफुचक्कर हो गया। वाहन मालिक को सुबह घटना की जानकारी हुई और थाना में शिकायत दर्ज कराया। थाना में शिकायत करने पहुंचे सदर बाजार चारामा निवासी कमलेश दौलतानी पिता स्व. मुरलीधर दौलतानी ने पुलिस को बताया कि 1 मार्च को मैनें एक्टीवा वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएफ 9645 को रात लगभग 11 बजे अपने दुकान के बाहर खड़ी किया था और अगले दिन 2 मार्च को सुबह साढ़े 6 बजें देखा तो मेरी स्कूटी उक्त स्थान पर नही था। कोई अज्ञात चोर ने मेरे वाहन को चोरी कर लिया, जिसकी कीमत 20 हजार रूपएं है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**जिम्मेदारों ने रेत तस्करों के दबाव के चलते साध लिया मौन**

# रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर लोगों में नाराजगी, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



तहसील भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल क्षेत्र और आसपास ईलाके से अवैध रेत उत्खनन हो रहा है, परंतु जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने के लिए कतराते रहते है। अवैध रेत परिवहन को लेकर कई बार शिकायतें की गई है, परंतु आज तक कार्यवाही नहीं हो पाई है। तहसील दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत परभेली के आश्रित ग्राम भेलवापनी में अवैध रेत का कारोबार पिछले कई महीने से जारी हैं। चैन माउंटेन की सहायता से रेत उत्खनन कर बड़े शहरों में खफाया जा रहा है। यह रेत से भरी हाईवा भानुप्रतापपुर शहर से गुजरती है, इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन को है, परंतु कार्यवाही करने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। कार्यवाही के लिए सामने नहीं आने के चलते ही रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है। सरकार ने निर्देश दिया था कि अनुभाग में एसडीएम एवं तहसीलदार अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही करेगा, परंतु कार्यवाही नहीं हो पा रही है। खनिज विभाग के पास निरीक्षक का पद लंबे समय से रिक्त होने के चलते इस विभाग के अधिकारी भी कार्यवाही के लिए नहीं पहुंच पा रहे है। विगत समय विधानसभा सत्र में वित्त मंत्री ने निर्देश दिया था कि केवल पीएम आवास के लिए रेत का उत्खनन होगा, इसके अलावा अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्यवाही होगी, इस निर्देश का भानुप्रतापपुर ईलाके में पालन नहीं हो पा रहा है। भानुप्रतापपुर के अफसर अपनी कुर्सी को बचाए रखने के लिए मौन साध लिया है।

भानुप्रतापपुर में चर्चा है कि अवैध रेत उत्खनन करने वाले रेत तस्करों की राजनीतिक व प्रशासनिक पकड़ होने के कारण कार्रवाई न करने के लिए अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 12 पर


**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969





# कोंडागांव को आकांक्षी से विकसित जिले बनाने करेंगे कार्य

## केंद्रीय राज्य मंत्री सोमन्ना जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री व्ही. सोमन्ना ने आज कोंडागांव जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर शासकीय योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने किसानों, शिल्पकारों और स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण कर जिले के विकास कार्यों की जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री ने सबसे पहले आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बम्हनी का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और उनकी एक्सपायरी डेट की जांच को लेकर चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभान्वित मरीजों से मिलकर उनका अनुभव जाना। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी भी वितरित की। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय सहित विभिन्न अधिकारी, प्रगतिशील किसान और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सरकारी योजनाओं की दी जानकारी** - इसके बाद केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना ने नारियल विकास बोर्ड, कोपाबेड़ा में उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित किसानों से चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनके माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोंडागांव को आकांक्षी जिले से विकसित जिले की ओर ले जाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम पर चर्चा

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के पिछड़े जिलों के विकास के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जिसमें कोंडागांव जिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय को दोगुना करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस दौरान सांसद महेश कश्यप और भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए व्यापक कार्य हो रहे हैं और सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा जा रहा है।



### शिल्प नगरी में शिल्पकारों से भेंट, बेलमेटल कारीगरी को सराहा

कोंडागांव की ऐतिहासिक शिल्प नगरी में केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना ने शबरी एंपोरियम का दौरा किया और बस्तर की पारंपरिक कला को नजदीक से देखा। उन्होंने बेलमेटल, लकड़ी और अन्य धातुओं से निर्मित शिल्प कृतियों की सराहना की। इसके साथ ही, उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों से भी बातचीत कर योजना के लाभों की जानकारी ली।

---

## खबर संक्षेप

### 23 वाहनों से 11.52 लाख का बकाया टैक्स वसूला



**जगदलपुर।** बस्तर संभागीय मुख्यालय से रायपुर, कोंटा, बैलाडीला, भोपालपटनम, उड़ीसा एवं आंध्रप्रदेश रोड में जाने एवं आने वाले वाहन बेखौफ परिवहन नियमों उल्लंघन कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम सुबह से शाम तक विभिन्न सड़कों में वाहनों की जांच कर रही है। जांच के दौरान 23 वाहन मिले, जिन पर बकाया टैक्स था, जिससे टीम ने वाहनों से 11 लाख 51 हजार 973 रूपए बकाया टैक्स वसूल किया गया। साथ ही फरवरी माह में 1748 वाहन नियमों उल्लंघन करते पाए गए, जिन पर 40 लाख 05 हजार 373 रूपए का जुर्माना किया गया। इसमें से 97 वाहनों पर ई-चालान कर 5 लाख 64 हजार 700 रूपए वसूल किया गया। साथ ही एक ओवरलोड वाहन मिले जिन पर 12 हजार रुपए की कार्रवाई की। ओवरलोडिंग के कारण प्रदूषण भी बढ़ता और वाहनों का संतुलन बिगड़ने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि परिवहन नियमों को उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। दूसरी बार नियमों का उल्लंघन पर वाहन की जप्ती की जाएगी।

### जीवन दीप समिति की हुई बैठक

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति जिला अस्पताल कार्यकारिणी समिति की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया। बैठक में विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा किया गया इसके अलावा जिला अस्पताल की अन्य आवश्यकता के संबंधित एजेंडा पर चर्चाकर अनुमोदन दिया गया। इस अवसर पर सीईओ प्रतीक जैन, सीएमएचओ डॉ बाशाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल थे।

### मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में की चर्चा

**जगदलपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैलाडिला आयरन ओर डिपॉजिट 4 के प्रकरण पर, स्वीकृत क्रिटिकल रोड्स की प्रगति, अति संवेदनशील क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर स्थापना करने की प्रगति, नवीन आवश्यक टॉवर्स की स्वीकृति प्रस्ताव सहित अन्य मोबाइल सुविधा पर चर्चा किए। इस वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में बस्तर जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., सीसीएफ आरसी दुग्गा, लोक निर्माण विभाग के रावटे, टेकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### लाईनमेन दिवस मना

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी धरमपुरा जोन में लाईनमेन दिवस मनाया गया। इसमें सहायक अभियंता एसआर भद्रे ने मंगलवार को सुबह लाईनमेनों को गुलाब फूल देकर सम्मानित करते हुए मैदानी के लिए रवाना किया गया।

## पेज 11 के शेष

### कांकेर व नरहरपुर...

उपाध्यक्ष के प्रत्याशी रोमनाथ जैन ने कहा कि हमारे लोग पैसे में बिक गए होंगे, इसीलिए क्रास वोटिंग हुई और हमें हमारे 7 सदस्यों में से केवल 5 ने ही वोट दिया।

### सार्वजनिक जगह पर...

मेलाभाठा मैदान पखांजुर पास से आरोपी संदीप राय और प्रताप सरकार, शराब दुकान पखांजुर के पास से विकास यादव निवासी हरीनगर, आनंद नगर निवासी अनिरूध विश्वास, मायापुर निवासी मनोज मंडल को पकड़ा। सभी के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### रेत के अवैध...

पर दबाव बना रहता है। सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने भी मौन साध लिया है, कोई भी कार्यवाही को लेकर सामने नही आ रहा है। रेत के अवैध उत्खनन में किस किस के साथ किस तरह की दाल पक रही है, यह जगजाहिर है।

---

**आयोजन :** देवी-देवताओं की शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

# देव परिक्रमा के साथ मेले का भव्य शुभारंभ, उमड़ा जनसैलाब








हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव के वार्षिक मेले इस बार भी भव्यता के साथ प्रारंभ हुआ। हजारों की संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु देवी–देवताओं की शोभायात्रा में शामिल हुए और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ देव परिक्रमा की। प्रशासनिक के अनुरूप मेला 9 मार्च तक चलेगा, हालांकि स्थानीय स्तर पर इसका उत्साह और रौनक उसके बाद भी कुछ दिनों तक बनी रहेगी।

### देव परिक्रमा से हुई भव्य शुरुआत

कोंडागांव मंडई की शुरुआत सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार देव परिक्रमा से हुई। विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालु अपने ग्राम देवी–देवताओं को लेकर नगर में परिक्रमा के लिए पहुंचे। भक्ति और आस्था से ओत–प्रोत इस परिक्रमा में ढोल–नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक वेशभूषा में सजे ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक रहा।

### मेले में मनोरंजन की सुनामी, मीना बाजार में नया झूला बड़ा आकर्षण



*इस बार के मेले में मनोरंजन के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। मीना बाजार में लगे झूलों और खेलों ने बच्चों से लेकर बड़ों तक को आकर्षित किया है। खासकर, इस बार पहली बार आया सुनामी झूला चर्चा का केंद्र बना हुआ है। मीना बाजार के संचालक छोटेलाल सिन्हा ने बताया कि यह झूला रोमांच से भरपूर है और इसमें बैठने पर व्यक्ति पूरा 360 डिग्री घूम जाता है। आकर्षक रफ्तार में घूमने के कारण इसमें बैठने वालों की जेब में रखा सामान तक गिर सकता है इसलिए इसे संभालकर रखने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा, एक और नया झूला जाइंट व्हील झूला भी इस बार मेले की शान बनेगा। इसकी खासियत यह है कि इसमें ऊँचाई पर जाकर झूले की सीटें एक साथ घूमती हैं। जिससे झूलने वाले को आसमान में उड़ने जैसा अनुभव होता है। यह झूला बच्चों और युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय रहेगा। इन झूलों की फिटिंग अब अंतिम चरणों में है। कल से मेला के दर्शक इस का आनंद ले सकेंगे।*

### मेले में खरीदारी और खानपान की धूम

कोंडागांव मंडई में हर साल की तरह इस बार भी स्थानीय और बाहरी व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगाई हैं। हस्तशिल्प, कपड़े, खिलौने, और घरेलू सामानों की खरीदारी के लिए लोग दूर–दूर से यहां आ रहे हैं। इसके अलावा, खाने–पीने के स्टॉल्स में चाट, गोलगप्पे, दही बड़े और अन्य स्वादिष्ट व्यंजन लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

प्रशासन ने मेले की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। जगह–जगह पुलिस बल तैनात है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। साथ ही, झूले और अन्य मनोरंजन साधनों की सुरक्षा जांच भी की जा रही है ताकि लोगों को सुरक्षित अनुभव मिल सके।

### 9 मार्च तक चलेगा मेला, बनी रहेगी धूम

कोंडागांव मंडई की यह रौनक 9 मार्च तक बनी रहेगी, लेकिन उसके बाद भी कुछ दिनों तक लोग मेले का आनंद उठाते रहेंगे। खासकर, मनोरंजन के साधनों और खानपान के स्टॉल्स पर लोगों की भीड़ लंबे समय तक बनी रहती है।

### आस्था और मनोरंजन का केंद्र है मेला

कोंडागांव का यह वार्षिक मेला न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीण संस्कृति, मनोरंजन और व्यापार का संगम भी है। इस बार नए झूलों और रोमांचक खेलों ने मेले को और भी आकर्षक बना दिया है।

---

# जपं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर बीजेपी का कब्जा



फरसगांव। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा-25 के अंतर्गत जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु समय सारिणी जारी कर दी गई है। इसके अनुसार मंगलवार को फरसगांव जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। फरसगांव जनपद पंचायत कार्यालय के बंद कमरे में निर्वाचन अधिकारी फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु सम्मेलन की प्रक्रिया पूरा किया गया। फरसगांव जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 20 नवनिर्वाचित जनपद सदस्य है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में भाजपा की ओर से अध्यक्ष पद हेतु मानकु राम नेताम और कांग्रेस से श्रीमती रैयमति कोर्राम ने दावेदारी पेश की। निर्वाचन में मानकु राम नेताम को 13 मत मिले और रैयमति कोर्राम को 7 मत मिले। इस तरह मानकु राम नेताम ने 6 मत से जीत हासिल की । वही उपाध्यक्ष पद हेतु भाजपा की ओर से जदु राम नाग और कांग्रेस से विश्वजीत उर्फ विक्की दास ने दावेदारी पेश की। जिसमें जदू राम नाग को 13 मत मिले और विक्की दास को 7 को मत मिले। जिसमें जदू राम नाग ने 6 मत से जीत हासिल की। अध्यक्ष पद और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा ने कब्जा कर लिया। इस जीत पर भाजपाइयों में खुशी का माहौल है। जनपद पंचायत कार्यालय के बाहर भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर खुशी मनाईं। जीते प्रत्यासी को सभी ने बधाई दिए। जिसके बाद भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जनपद कार्यालय से लेकर नगर के रेस्ट हाउस तक नवनिर्वाचित अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यो के साथ नगर में विजय रैली भी निकाला गया ।

---

# चचेरे भाई ने किया जानलेवा हमला पीड़ित की हालत गंभीर, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- नयानार में चचेरे भाई ने युवक पर किया चाकू से जानलेवा हमला



कोंडागांव जिले की फ़रसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयानार में सोमवार की देर रात चाकू बाजी की गंभीर घटना घटित हुई है। इस घटना में मोतीलाल मरकाम नामक युवक बुरी तरह घायल हो गया है। पीड़ित युवक के परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मोतीलाल मरकाम के बड़े पिताजी के बेटे ने उन पर सोमवार की रात अचानक उनके ही घर में अज्ञात कारणों से चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके चलते उनके पेट में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद मोतीलाल मरकाम को लहूलुहान हालत में रात को फ़रसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद बेहतर उपचार हेतु रात को ही उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । फिलहाल जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है, वही जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित युवक के परिजनों ने हमलवार व्यक्ति के खिलाफ फ़रसगांव थाने में इस घटना की शिकायत कर दी है।

# निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया हुई शुरु, वेब पोर्टल पर 31 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए वेब पोर्टल पर आवेदन किये जा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर.टी.आई के अंतर्गत नर्सरी के लिए 3 से 4 वर्ष, के.जी.–1 के लिए 4 से 5 वर्ष तथा कक्षा पहली के लिए 5 से 6.6 वर्ष तक के बच्चों को कमजोर वर्ग अंतर्गत एस.टी., एस.सी., ओ.बी.सी. तथा सामान्य वर्ग हो बी.पी.एल. कार्ड धारी, एच.आई.वी. पीड़ित परिवार तथा असुविधा ग्रस्त वर्ग अंतर्गत एस.टी., एस.सी. जाति प्रमाण पत्र की पात्रता होनी चाहिए वे किसी भी शासकीय कार्यालय, जनपद, विकासखण्ड कार्यालयों तथा च्वाईस सेंटर पर जा कर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं वर्ग के अनुसार जाति प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा के नीचे प्रमाण, सरकारी अस्पताल से प्रमाण पत्र एवं चाइल्ड वेलफेयर समिति की सूची में नाम शामिल है।

# समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** उद्यानिकी विभाग के शासकीय उद्यान रोपणी, कोपाबेड़ा में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण अंबुजा फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के माध्यम से संचालित एचआरडीपी परियोजना के तहत संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कोण्डागांव के दूरस्थ क्षेत्रें से आए 30 आदिवासी किसानों ने भाग लिया।

**रोपणी भ्रमण के साथ कृषि वानिकी की दी गई जानकारी** – प्रशिक्षण सत्र के दौरान किसानों को प्रायोगिक रूप से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए रोपणी का भ्रमण कराया गया। इस दौरान रोपणी प्रभारी लोकेश्वर प्रसाद ने किसानों को खेती की तैयारी, पौध रोपण की सही दूरी, बागवानी फसलों के रखरखाव और शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को यह भी बताया गया कि आधुनिक खेती से कैसे वे अपनी पैदावार बढ़ाकर अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं।

**कृषि वानिकी को बढ़ावा देने पर जोर** – इस



प्रशिक्षण में ग्राम बम्हनी और तोतर के कुल 30 कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि वानिकी को बढ़ावा देना था ताकि किसान अपनी भूमि से अधिकतम उत्पादन प्राप्त कर सकें। विशेषज्ञों ने किसानों को समझाया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कृषि क्षेत्र में उन्नति की जा सकती है।

**अंबुजा फाउंडेशन के अधिकारी भी हुए शामिल** – इस अवसर पर अंबुजा फाउंडेशन की श्रीमती नेहा कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को सतत कृषि विकास और संयुक्त कृषि मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे किसानों को नवीनतम तकनीकों और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

---

## बसंत के रंगों में घुली प्रकृति, हर ओर खिले पलाश के फूल


# बसंत में खिलखिला उठे पलाश के फूल, होली के आगमन का होने लगा अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

इन दिनों बसंत अपने चरम पर है और प्रकृति खुद को नए रंगों से सजा रही है। गांव–शहरों की सड़कों और जंगलों में पलाश के खिले हुए फूल मानो होली के आगमन की सूचना दे रहे हैं। जैसे ही नजरें इन नारंगी–लाल रंगों पर पड़ती हैं, मन आनंद से भर उठता है। पलाश का यह खिलना न केवल पर्यावरण को रंगीन बना रहा है बल्कि लोगों के दिलों में भी उत्साह जगा रहा है। स्थानीय लोग इसे जंगल की ज्वाला भी कहते हैं। क्योंकि इसके फूल किसी जलती हुई मशाल की तरह दिखते हैं।

### होली और पलाश परंपरा व संस्कृति का संगम

होली का त्योहार रंगों के बिना अधूरा है और प्राचीन समय में लोग पलाश के फूलों से रंग बनाकर होली खेलते थे। कहा जाता है कि पलाश के फूलों से बना रंग त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। आज भले ही कृत्रिम रंगों का



प्रचलन बढ़ गया हो लेकिन पारंपरिक रूप से प्राकृतिक रंगों का महत्व अब भी बरकरार है।

### वनों की शोभा और जैव विविधता का हिस्सा

पलाश के फूल न केवल देखने में सुंदर होते हैं बल्कि ये पर्यावरण के लिए भी उपयोगी हैं। इन फूलों से मधुमक्खियां और तितलियां पराग इकट्ठा करती हैं। जिससे जैव विविधता बनी रहती है। इसके अलावा, पलाश की लकड़ी और छाल का उपयोग औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। जैसे–जैसे होली नजदीक आ रही है वैसे–वैसे पलाश के फूल और अधिक खिलकर इस त्योहार की खुशी को और बढ़ा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में लोग इन फूलों को देखकर पुराने समय की यादें ताजा कर रहे हैं और पारंपरिक होली मनाने की तैयारियों में जुट गए हैं।

### पलाश के औषधीय गुण जानते हैं ग्रामीण वैद्य-हकीम

पलाश केवल अपनी सुंदरता के लिए नहीं जाना जाता, बल्कि यह वनस्पति जगत का एक अनमोल खजाना भी है। इसके विभिन्न हिस्सों का उपयोग दवाओं और अन्य औषधीय प्रयोजनों में किया जाता है। औषधीय उपयोग पलाश की छाल, फूल और गोंद का उपयोग आयुर्वेदिक चिकित्सा में किया जाता है। इसे त्वचा संबंधी रोगों, पाचन समस्याओं और बुखार के इलाज में फायदेमंद माना जाता है। जैव विविधता के लिए वरदान इसके फूलों से मधुमक्खियां शहद बनाती हैं और पक्षियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण खाद्य स्त्रोत होता है। पर्यावरण संतुलन में योगदान पलाश के वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं और अपने घने जंगलों से वातावरण को शुद्ध बनाए रखते हैं।

# महाराजा- महारानी ने मांझीपाल में लिया बम्बू राफ्टिंग का आनंद




हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

बस्तर जिले का मांझीपाल गांव देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। शाही शादी के बाद महाराजा कमलचंद भंजदेव मांझीपाल गांव पहुंचे। महारानी भुवनेश्वरी को लेकर जब मांझीपाल गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने राजा और रानी का भव्य स्वागत किया। उसके बाद महाराजा रानी के साथ बम्बू राफ्टिंग का आनंद लेते हुए काफी देर तक सैर किया। वहीं राजा-रानी को इतने करीब पाकर ग्रामीणों में खुशी देखी गई।

## खबर संक्षेप

### जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित को मिला जीवनदान



**बीजापुर।** शासन की चिरायु योजना एक बार फिर मासूम के जीवन में नई रोशनी लेकर आई। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 11 वर्षीय संध्या को चिरायु योजना के तहत समय पर उपचार मिला, जिससे उसकी जान बच गई। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है और उसके परिवार में खुशियां लौट आई हैं। बीजापुर जिले के विकासखंड भोपालपटनम अंतर्गत ग्राम गेरागुडा निवासी संध्या के जन्म के बाद से ही दिल में छेद था। इस समस्या का पता तब चला जब राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायुद् की टीम नियमित जांच के दौरान स्कूल में पहुंची। टीम ने तुरंत संध्या के स्वास्थ्य की गंभीरता को समझते हुए उसे जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया। वहां जांच के उपरांत ऑपरेशन हेतु चिरायु टीम को सत्य साईं अस्पताल, रायपुर ले जाने की सलाह दी।

### 12वीं के अंग्रेजी पेपर में 94 गैरहाजिर

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के 105 परीक्षा केन्द्र में मंगलवार को 12वीं बोर्ड परीक्षा का अंग्रेजी का पेपर हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि दर्ज संख्या 5900 में 5806 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस पेपर में 94 छात्र-छात्राएं गैरहाजिर रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल का कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

### पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण पर जोर

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की लंबित योजनाओं और प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने आगामी गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के दूरस्थ अंदरूनी क्षेत्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, आश्रम-शालाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों में समुचित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 7 को

**कांकेर।** एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोडेजुंगा कांकेर में 07 मार्च को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 566 रिक्तियां के आधार पर भर्ती की जाएगी। उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के 310 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 14, कारपेंटर के 25, मार्केटिंग के 18, सुपरवाइजर के 04, असिस्टेंट सुपरवाइजर के 15, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50, वाहन चालक के 10, होम केयर के 100 और फायर मेन के 20 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

### आमागढ़ का दो दिवसीय वार्षिक देव मेला कल से

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लाक के ग्राम आमागढ़ के दो दिवसीय वार्षिक देव मेला 6 व 7 मार्च से आयोजित किया जाएगा। गायता बिसम राम राना, शिवलाल निषाद, दिनेश मेरिया, हंसराज उयके ने बताया है कि आमागढ़ मेला में परगन डोगरा सहीत बारह गांव देवी देवता शामिल होते हैं। ढाई परिक्रमा कर मेले का शुभारंभ किया जाता है। वहीं मेला के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग द्वारा रात्रि कालीन रंगारंग कार्यक्रम सांस्कृतिक लोक कला मंच प्रेमी सरोवर ग्राम बादल नरहरपुर जिला कांकेर नाचा पार्टी का आयोजन भी किया जाएगा।

---

### मधोता 2 कुण्डगुड़ा में पंच, सरपंच शपथ ग्रहण समारोह

# ग्राम पंचायत की संपूर्ण विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगे : ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर





जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत मधोता 2 कुण्डगुड़ा में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों को ग्राम सचिव द्वारा विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया।

इस अवसर पर सरपंच ईश्वर मंडावी ने कहा कि ग्राम पंचायत की संपूर्ण विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगे और हर समस्या का समाधान करेंगे। गांव के बुद्धजीवी और प्रतिष्ठित लोगों से आशीर्वाद लेकर विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।

मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी ने कहा कि ग्राम पंचायत के कार्य और उनके विकास में एकरूपता सभी वर्ग, समाज को साथ लेकर उनके सर्वांगीन विकास संबंधी चर्चा कर समस्या का समाधान करना होगा।

वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामानन्द मिश्रा ने कहा कि ग्राम पंचायत सरपंच नींव है और पंचगण इसके सहायक खंभे है। ग्राम पंचायत का विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। ग्राम सभा का आयोजन कर लोगों की समस्या का समाधान करना एवं सरकार की समस्त योजनाओं को जन-जन तक सचिव के माध्यम से पहुंचाना होगा। इस अवसर पर चैतन सिंह ठाकुर, बालसिंह मौर्य, तयसिंह ठाकुर, ललित ठाकुर, बद्रीनाथ ठाकुर, लोकनाथ ठाकुर, रुपसिंह ठाकुर, दौलत, मंगल, रघु एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे।

# लाल मिट्टी के खिलाफ लामबंद हुए भाजपा नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला मुख्यालय में बीते कुछ दिनों से किरंदुल से लौह खदान से लाल मिट्टी लाकर सुकमा में डाला जा रहा है। इसको लेकर भाजपा नेताओं ने विरोध जताया है और लौहचूर्ण वेस्ट को पूर्णता बंद कराने के लिए कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। इससे पूर्व भी लाल मिट्टी का विरोध किया गया था लेकिन कुछ दिन बंद होने के बाद फिर से इसे शुरू कर दिया गया है।

जिला मुख्यालय में प्रतिदिन दर्जनों हाईवा लाल मिट्टी लाकर डंप कर रही हैं। भाजपा नेताओं ने इसका विरोध किया है। कलेक्टर द्वारा अवैध लाल मिट्टी पर रोक नहीं लगाई जाती है तो भाजपा जल्द उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में भाजपा नेताओं ने लिखा है कि बैलाडीला लौह खदान से लौहचूर्ण युक्त लाल मिट्टी का व्यापक रूप से परिवहन कर सुकमा जिला मुख्यालय में डंप किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद से बिना किसी सहमति के एकत्र किया जा रहा है। जिससे लाल मिट्टी के दूष्प्रभाव से जमीनों के बंजर होने का खतरा पैदा हो गया है। एक साथ एक ही भूमिगत जलस्त्रातों के दूषित होने का भी खतरा है। इससे मानव सहित जीव जंतुओं के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ सकता है।

# नवीन आधार पंजीयन 251, जन्म प्रमाण पत्र 218 और 10 परिवारों के राशन कार्ड बनाने आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों में आधार कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सुकमा के रायगुड़ा सीआरपीएफ कैम्प में 27 फरवरी से 3 मार्च तक आधार शिविर आयोजित किया गया। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के अंतर्गत माओवाद प्रभावित अंदरूनी गांवों में शिविर लगाकर ग्रामीणों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। कुछ समय पहले तक जहां लोग जाने से डरते थे उन गांवों में अब प्रशासन ग्रामवासियों के लिए हर संभव मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि कोंटा विकासखंड के दूरस्थ अंदरूनी क्षेत्रों में आधार पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन ग्रामीणों के आधार कार्ड, नए जन्म प्रमाण पत्र और राशन कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस जनकल्याणकारी पहल से लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और कुछ भटके हुए लोग समाज की मुख्य धारा में शामिल हो रहे हैं। शिविर के नोडल अधिकारी और नायब तहसीलदार योपेंद्र पात्रे ने बताया कि शिविर के माध्यम से 252 ग्रामीणों का नवीन आधार कार्ड पंजीयन किया गया और 218 बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए आदेश पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही कुछ ग्रामीणों के राशन कार्ड संबंधी समस्या को देखते हुए 10 नवीन राशन कार्ड बनाने हेतु फोटो का सत्यापन किया गया।

# 3 भाजपा के और 1 कांग्रेस का जनपद अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



■ भोपालपटनम के प्रभारी संजय लुक्कड़ दोनों बार करवाया निर्विरोध

बीजापुर जिले के 4 जनपद पंचायतों में 3 जनपद अध्यक्ष भाजपा समर्थित बने हैं और एक कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष बना है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद मंगलवार को जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव हुए। जिनमें से उसूर में पूर्णिमा तेलम , भोपालपटनम में सरिता कूड़ेम, बीजापुर में सोनू पोटम, भैरमगढ़ में दसरी कोरसा अध्यक्ष बने हैं। उपाध्यक्ष के लिए उसूर में तिरुपति पुनेम, भोपालपटनम में नीलम गणपत बने हैं। भोपालपटनम की अध्यक्ष पद पर सरिता कुडेम और नीलम गणपत निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं उसूर से पूर्णिमा तेलम को 6 वोट मिले हैं, कांग्रेस के प्रत्याशी अनीता तेलम को 4 वोट मिले थे।

भारतीय जनता पार्टी से प्रभारी बनकर आए संजय लुक्कड़ पिछली बार नगर पंचायत चुनाव में उमेश गुज्जा को निर्विरोध चुनाव लड़वा चुके हैं। इस बार जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध करवा दिए हैं। चुनाव के पहले अध्यक्ष के लिए सरिता कुडेम का नाम तय था लेकिन गणेश पोट्टम के समर्थक अध्यक्ष बनाने की गोटी खेल रहे थे। प्रभारी संजय लुक्कड़ ने मौके को भापते हुए बाजी पलट दी और सरिता कुडेम को निर्विरोध करवा दिए।

# जनपद पंचायत गीदम में शकुंतला अध्यक्ष व दिनेश बने उपाध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जनपद पंचायत गीदम में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव करवाया गया। गीदम जनपद में भाजपा का दबदबा इस बार भी कायम रहा। गीदम जनपद पंचायत में भाजपा समर्थित सदस्य शकुन्तला भास्कर निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं। वे पूर्व जनपद अध्यक्ष सुदराम भास्कर की धर्मपत्नी हैं।

पहली बार जनपद सदस्य चुने गए दिनेश कुमार कौशल निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव ने बताया कि गीदम जनपद पंचायत का चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने चुने हुए जन प्रतिनिधियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# बजट से सभी वर्गों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गों के सर्वांगीण हित से जुड़े वर्ष 2025-26 का वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में 1 लाख 65 हजार करोड़ का बजट पेश किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर यह बजट समावेशी विकास की ओर छत्तीसगढ़ सरकार का एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिले के युवा व्यापारी एवं व्यापारी संघ के प्रतिनिधि ईश्वर सोनी ने इस बजट को व्यापार व्यवसाय के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताते हुए बस्तर अंचल सहित बीजापुर जिले एवं समस्त छत्तीसगढ़ के विकास में एक बड़ा कदम बताते हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया।

बीजापुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष के. संतोष ने बजट को पत्रकारों के हित से जुड़ा बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पत्रकारों को सशक्त और मजबूत बनाने की दिशा में अहम फैसला लेते हुए उनके पेंशन को दुगुना कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सशक्त बनाया है वहीं पत्रकार सम्मान निधि को दुगुना करने से पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है पत्रकार साथियों के लिए प्रावधानित एक्सपोजर विजिट का सराहना करते हुए कहा कि एक्सपोजर विजिट नई चीजे सीखने के लिए भी कारगार साबित होगा। पत्रकारों के हितों का ध्यान रखने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी को प्रेस क्लब बीजापुर की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरपंच बने डमरू मौर्य



**बकावंड।** पंचायत चुनाव में सरपंच पद पर डमरू मौर्य निर्वाचित हुए। उन्होंने कहा कि मैं सर्वप्रथम पंचायत की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास करूंगा, पंचायत में लटकी हुई पेंशन योजना को सुचारू रूप से चलाया जाएगा, आवास योजना जो चल रही है उसमें गति लाई जाएगी,पंचायत स्थित तालाब की सफाई और उसके सौंदर्यीकरण हेतु पूरा प्रयास रहेगा,साथ ही पूरे ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु हमेशा तत्पर रहूंगा।

# मोटराईज्ड ट्रायसायकल पाकर दिव्यांगजन हितग्राहियों के चेहरे पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने बीजापुर के 3 दिव्यांगजन हितग्राही जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत से अधिक है। जिनमें से चेकलाल साहू, ग्राम दुगोली, शिरोमनी बघेल राउत पारा बीजापुर एवं सुश्री सुन्दरी अवलम ग्राम गदामली को मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशक्तजनों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदाय करने की योजना अंतर्गत यह ट्रायसायकल दिव्यांगजनों को दिया गया जिससे दिव्यांगजनों को अपने दैनिक क्रियाकलापों में सुगमता होगी, साथ ही इन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन व्यापन में जिन कठिनाईयों का सामना करना पडता था उससे निजात मिलेगी। सहायक उपकरण प्राप्त करने के पश्चात तीनों हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला और ट्रायसायकल पाकर शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा का विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, उप निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, उप संचालक समाज कल्याण कमलेश कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, रेडक्रास समन्वयक नर्वेद सिंह एवं समाज कल्याण के कर्मचारी उपस्थित रहें।

### फागुन मेला में लगाएंगे स्टॉल

# दंतेश्वरी स्व सहायता समूह की महिलाएं बना रही हर्बल गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



होली के त्योहार को स्वच्छ और प्राकृतिक रंगों के साथ मनाने के लिए दंतेश्वरी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हर बार की तरह इस बार भी हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। कृषि विज्ञान केंद्र गीदम दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में महिलाएं पूरी तरह से प्राकृतिक सामग्री से यह गुलाल बना रही हैं, जिसे 14 मार्च को होने वाली होली के लिए बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना भी है। महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे इस हर्बल गुलाल में किसी भी प्रकार के हानिकारक रसायन का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसे फूलों, पत्तियों, हल्दी, चंदन, और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किया जा रहा है, जिससे यह त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा।

दंतेश्वरी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से उन्हें यह काम सीखने में मदद मिली। अब वे होली से पहले बाजार में अपनी दुकान लगाने की तैयारी कर रही हैं, जहां वे हर्बल गुलाल के साथ-साथ अन्य प्राकृतिक उत्पाद भी बेचेंगी। इसे लोगों तक पहुँचाने के लिए 100 एवं 500 ग्राम के पैकेट तैयार कर रहे हैं, जिसकी कीमत 30 और 150 रुपये रखी गई है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ प्रवीण निषाद का कहना है कि इस तरह के प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ लोगों को प्राकृतिक और सुरक्षित विकल्प अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

# जपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए संशोधित समय-सारणी जारी



**कांकेर।** जिले के पाँच जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सारणी जारी किया है। पूर्व में जारी समय-सारणी अनुसार जिले के सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही किए जाने 04 मार्च निर्धारित किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर कार्यालय (पंचायत) द्वारा संशोधित समय सारणी में उल्लेख किया गया है कि जिले की 07 जनपद पंचायतों में एक ही तिथि में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही करने से कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रथम चरण में सभी जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही संभव नहीं हो पाने से प्रथम चरण में जनपद पंचायत कांकेर और नरहरपुर में चुनाव होगा। अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा में निर्वाचन की कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय चरण में जनपद पंचायत अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, चारामा, भानुप्रतापपुर एवं दूर्गूकोंदल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया है। जारी समय-सारणी अनुसार जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए सम्मिलन आयोजन करने, प्रकाशन की अधिसूचना जारी करने तथा जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी करने की तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है। इसके अलावा जनपद पंचायत के प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन करने की तिथि 12 मार्च नियत की गई है। कलेक्टर ने उक्त नियत तिथि में आयोजित सम्मिलन की विधि सम्मत कार्यवाही सम्पन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# दुर्गूकोदल में सरपंच सहित सभी पंचों ने ग्रहण की शपथ

दुर्गूकोंदल। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद सोमवार को दुर्गूकोदल ग्राम पंचायत में सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। शकुंतला नरेटी सरपंच सहित सभी पंचों ने शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया। शपथ के बाद सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधा को मुहैया कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इसके साथ शासन की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। इसके अलावा राशन कार्ड बनवाना, महतारी वंदन योजना का लाभ महिलाओं को दिलाना, पीएम आवास के हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने का काम करेंगे। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल के समस्त वार्ड पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शुरू हुई परीक्षा

दुर्गूकोंदल। संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 से 9 तक की समस्त कक्षाओं की सीबीएसई पैटर्न आधारित सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षाएं व्यवस्थित ढंग से आरंभ हो गईं, यह परीक्षाएं 17 मार्च तक चलेंगी। परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने परीक्षा प्रभारी एवं समस्त शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए और निष्ठापूर्वक जिम्मेदारियों का निर्वाह करने को कहा। इस मौके पर रितू देवी, दीप्ति, मधु श्री ठाकुर, शिखा झा, धर्मेन्द्र सहरावत, सुमित कुमार, सलाहुद्दीन खान, सुनील कुमार, चेतन कुमार तोमर, निर्मल कुमार अग्रवाल, चक्रवर्ती यादव, दीपक जैन, आर्यन सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्लेसमेंट के लिए हुआ साक्षात्कार

कांकेर। शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग द्वारा 1 मार्च को कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड रायपुर के लिए इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स की भर्ती हेतु हाइब्रिड मोड में केंपस प्लेसमेंट इंटरव्यू का आयोजन किया गया। शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि प्लसमेंट कैम्प में तकनीकी टीम एवं संस्था की ओर से प्रशिक्षण तथा नियोजन सेल के द्वारा 22 प्रतिभागियों का इंटरव्यू लिया गया। जिसमें से 11 प्रतिभागी चयनित हुए, जो कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्था के पास आउट स्टूडेंट हैं।

### दुर्घटना में मौत, जांच उपरांत अपराध कायम

कांकेर। चारामा थानांतर्गत ग्राम भोथा के मोड़ पास वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाने से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना उपरांत पुलिस ने आरोपी बालोद निवासी देवेंद्र साहू के खिलाफ धारा 125 (ए), 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**सियासत गरमाई : विधायक ने कहा कि चुनाव स्थगित करवाने में भाजपा की अहम भूमिका**

# जपं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव स्थगित होने पर कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर / चारामा /दुर्गूकोंदल

- कांग्रेसियों का बयान, भाजपा सरकार कर रही लोकतंत्र की हत्या
- भानुप्रतापपुर में भाजपा ने कहा कि विधायक ने जनपद सदस्यों का किया अपहरण

जिले के तीन जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, चारामा ओर दुर्गूकोंदल में जनपद पंचायत के अध्यक्ष व उपाघ्यक्ष का 4 मार्च को चुनाव होना था। चुनाव के लिए मतदान कक्ष पर पहुंचे जनपद सदस्यों को रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि जिला रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर यह चुनाव स्थगित किया जाता है। अब चुनाव 10 मार्च को होगा। यह खबर कांग्रेसियों के पास पहुंची तो कांग्रेसियों ने तीनों जगह सांकेतिक चक्काजाम किया और कांग्रेसी भाजपा पर जमकर बरसे। विधायक सावित्री मंडावी का कहना है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, चारामा और दुर्गूकोंदल में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च को होना था, निर्धारित समय अनुसार सभी जनपद सदस्य जनपद पंचायत के मतदान कक्ष में पहुँच गए थे। चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली थी। इसी बीच जिला निर्वाचन अधिकारी का चुनाव स्थगित करने का आदेश पहुँच गया, जिसमें उल्लेखित था कि आगामी 10 मार्च को जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चुनाव स्थगन का आदेश आते ही कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने विधायक, प्रभारी अपने कांग्रेस के पदाधिकारियों को जानकारी दिया। तीनों जगह कांग्रेसी जनपद कार्यालय के बाहर पहुँचकर जमकर हंगामा किया।

## भाजपा ने हार की डर से चुनाव करवाया स्थगितः विधायक मंडावी



भानुप्रतापपुर से कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा आज शासन द्वारा निर्धारित जनपद अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के चुनाव होना तय किया गया था, जिसकी सारी तैयारी भी प्रशासन के द्वारा हो चुकी थी परंतु ऐन वक्त में चुनाव प्रारंभ होने से पहले चुनाव निरस्त का आदेश आना यह भाजपा सरकार की सोची समझी साजिश थी। चूंकि कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य जनपद कार्यालय पहुंच चुके थे। कांग्रेस के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनना तय था और बीजेपी की करारी हार होती इसी डर से जिला अधिकारी द्वारा चुनाव स्थगित कर दिया गया। प्रदेश में जिन जनपद में कांग्रेस के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बन रहे थे, उन सभी जगह भाजपा की सरकार द्वारा चुनाव स्थगित कर लोकतंत्र की हत्या किया गया है । हम भाजपा सरकार द्वारा किए गए चुनाव स्थगन का घोर निन्दा करते है चाहे बार बार चुनाव स्थगित करे पर दुर्गुकोंदल भानुप्रतापपुर और चारामा में कांग्रेस के ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनकर आएंगे। विजयी जनपद सदस्य कांग्रेस के सच्चे सिपाही है, उनको भाजपा के लोग सभी प्रकार से प्रलोभन देने में लगे हुए है पर हमारे सभी जनपद सदस्य कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित हैं और हमेशा रहेंगे।



## चारामा में चुनाव स्थगित, भाजपा सरकार सत्ता का कर रही दुरपयोग



जनपद पंचायत चारामा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव स्थगन की खबर आने के उपरांत बवाल मच गया। कांग्रेस समर्थित सदस्यों एव कांग्रेस नेताओ में आकोश बढ़ गया। कांग्रेस नेताओ ने कार्यालय के सामने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। चारामा जनपद चुनाव प्रभारी कांग्रेस नरेन्द्र यादव एंव नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सत्ता का दुरूपयोग कर रही है। भाजपा संविधान और लोकतंत्र की हत्या करने वाला काम कर रही है। जिले के जिन जनपद पंचायतो में भाजपा समर्थित जनपद सदस्यो की संख्या ज्यादा है वहाँ 4 मार्च को चुनाव करा रहे है और जहाँ जहाँ काग्रेस की बहुमत है, वहाँ के चुनाव को स्थगित कर दिया गया है, जो कि लोकतंत्र की हत्या है।

## भानुप्रतापपुर विधायक ने जनपद सदस्यों का किया अपहरण



भाजपा से भानुप्रतापपुर के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि जनपद सदस्यों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव स्थगित होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रशासन पर आरोप लगाना गलत है। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए जनपद सदस्यों पर दबाव बनाते हुए नवनिर्वाचित जनपद सदस्यो को पूर्व से ही जबरन उनको अपने घर से लेकर चले जाना और अज्ञात स्थान में रखना फिर आज चुनाव के दिन ही उनको जनपद कार्यालय में उपस्थित करना यह सरासर जनपद सदस्यो के स्वतंत्रता और उनके अधिकारों का हनन है। विधायक द्वारा नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों का अपहरण कर उनके ऊपर दबाव बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसका आज भानुप्रतापपुर भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध किया गया । समस्त भाजपा के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है जिसकी जानकारी चुनाव अधिकारियों को हमारे द्वारा दे दी गई थी , अतः सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा जनपद सदस्यो के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को स्थगित किया गया है।

## भानुप्रतापपुर में कांग्रेस ने सीएम व भाजपा ने विधायक का किया पुतला दहन

चुनाव स्थगन की खबर मिलते ही भानुप्रतापपुर में कांग्रेस समर्थित 9 सदस्यों के होने से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जनपद कार्यालय के सामने भानुप्रतापपुर संबलपुर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया गया। कांग्रेस पार्टी ने नारेबाजी करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर हार के डर से चुनाव को स्थगित करने का आरोप लगाया। वही भाजपा ने भानुप्रतापपुर कांग्रेस विधायक की गलत नीति के चलते जनपद सदस्यों के अपहरण का आरोप लगाया। दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित होकर पुतला दहन किया । कांग्रेस ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन किया तो वही भाजपा ने भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी का मुख्य चौक में पुतला दहन किया।

## दुर्गूकोंदल में भी हुआ चक्काजाम

विधायक सावित्री मंडावी ने दुर्गूकोंदल में रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार केतन भुआर्य को चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने को कहा। तहसीलदार ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी का आदेश है। उसी के तहत चुनाव प्रक्रिया निरस्त किया गया है। चुनाव के लिए अब 10 मार्च निर्धारित किया गया है, इसके बाद से कांग्रेस कार्यकर्ता बौखला गए। विधायक सावित्री मंडावी के निर्देश पर कांग्रेसियों ने तहसीलदार दुर्गूकोंदल को ज्ञापन सौंपा और 3 घंटे तक मुख्य चौक दुर्गूकोंदल में चक्काजाम किया। सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया। अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला जलाया और रिटर्निंग अधिकारी के नाम पर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर युवक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश माहवे, हुमन मरकाम, महत्तम दुग्गा, सियाराम पोटाई, सुखचंद प्रजापति, हृदय बघेल, मुकेश्वरी नरेटी, तोरण दुग्गा, राजू सिघोडिया, नीरज कोसमा, ढाल सिग पात्र, रजमन कोवाची, राम गावडे, रसालू गावड़े, हीरा कोमरा, धनेश नरेटी, भावसिग मंडावी उपस्थित रहे।

# हिन्दूबिनापाल में हुआ सरपंच और वार्डपंचों का शपथग्रहण



अंतागढ़। विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत हिंदूबिनापाल में सरपंच व पंच को ग्राम सचिव ने ग्रामीणों की उपस्थिति में शपथ दिलाया, वहीं नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा कि ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओ के निराकरण के लिए सदैव प्रयास करते रहूँगी। पंचायत राज अधिनियम अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में नवनिर्वाचित सरपंच और वार्डपंचो का प्रथम सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल के पंचायत भवन प्रांगण में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब अम्बेडकर के छायाचित्र पर गायता व पटेल के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरांत गायता, पटेल, सियान, महिलाओं, युवाओं, सामाजिक पदाधिकारी व गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों को शपथ दिलाई गईं। नवनिर्वाचित सरपंच व पंचो को पंचायत सचिव ने शपथ दिलवाया। शपथ ग्रहण पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच सनबती आंचला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम विकास के साथ मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता गाँव में शिक्षा पर होगी, वहीं स्वास्थ्य के साथ-साथ कुपोषण मुक्त अभियान को जनजागरूकता लाने का पूरा प्रयास होगा। मूलभूत समस्यों के समाधान कराने की हर हरसंभव प्रयास रहेगा। आयोजित कार्यक्रम में गायता धनसिह आँचला, पटेल रायसिंह समरथ, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक किशोर धनेलिया, ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम, पूर्व सरपंच रामलाल समरथ, अघन सिंह समरथ, बिसनाथ समरथ, रूपसिंह समरथ, देव लाल समरथ,धन्नाराम सलाम, माता पुजारी शिवनाथ समरथ, मनीलाल समरथ, मानिक लाल देहारी, उजियार आँचला, जमनु राम आँचला, दलशु राम आँचला, चैतू राम गोटा, बैजनाथ, सुरेश अचला, सुनील कोर्रम, सूरजदेव, देवराज कोराम, चैनूराम मंडावी, नीलू समरथ, चंद्रकला आचला, शिवशंकर सलाम सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

# नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार



श्रीवास सेन समाज जिला कांकेर के द्वारा ग्राम सिदेसर में 3 मार्च को एक दिवसीय वार्षिक महासभा व नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों को श्रीफल, शाल व डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सेन महाराज के छायाचित्र की दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना के साथ आरती कर किया गया। समाज के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व मिडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन ने बताया की समाज से नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के स्वागत सम्मान के इस कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज जनों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे सेन समाज से जब भी कोई भाई चुनाव लड़ता है तो हमरा समाज एकजुट होकर उनके लिए तन मन धन से कार्य करता है उस समय समाज के लोग पार्टी नहीं देखते। कांकेर नगरपालिका के इस चुनाव में भी यह देखने को मिला, पुर्व में भी जब पवन कौशिक नगरपालिका अध्यक्ष बने तब भी समाज के भाईयों ने तन मन से साथ दिया था। समाज के भाईयों के इस समर्पित व संगठित कार्य की चर्चा आज भी शहर की जनता करती है। उन्होंने कांकेर शहर के साथ साथ आस पास ग्राम के समाज के भाईयों को आश्वस्त करते हुए कहा की मेरे लायक जो भी कार्य हो करुंगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कमलेश रानू सेन कहा की मैं जीस वार्ड से मैंने चुनाव लडा वहां में वोट नहीं कर सकता था, लेकिन इस वार्ड की जनता ने मेरे द्वारा पुर्व में किये गये कार्य व सक्रियता के कारण भरपूर आशिर्वाद दिया तभी मैं दुसरी बार पार्षद बन पाया हुं। उन्होंने समाज की उन्नति व विकास के लिए संगठित होकर कार्य करने की बात कहते हुए सम्बलपुर में समाज के सामुदायिक भवन निर्माण को अतिशीघ्र पुरा करवाने का भरोसा दिलाया। सर्व सेन समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश सेन ने समाज की एकता को बनाए रखने व मजबुती के लिए निस्वार्थ भावना से कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के अलावा भानुप्रतापपुर ब्लाक अध्यक्ष भुनेश्वर सेन, भगत शांडिल्य, दयालु राम सेन, शिवन शांडिल्य, अशोक कौशिक ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकेश्वर सेन किया एवं सुबह 6 बजे तक चलने वाली इस महासभा में पिछले वर्ष किये कार्यों की जानकारी देने के साथ साथ आगामी वर्ष के कार्यों की रुपरेखा तय कर वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत चारामा के पार्षद कमलेश रानू सेन, चन्द्रीका सेन, त्रिवेणी सेन, यामिनी सेन, किरण सेन, निर्मला सेन, रामेश्वर सेन, गोविंद कौशिक, अनिल कुमार सेन, हरिशंकर सेन, भूषण कौशिक, संतोष सेन, शिव कुमार सेन, रामगोपाल सेन, अभीराम सेन, मुकेश सेन, ओमप्रकाश सेन, अवध राम सेन, विमल सेन, लोकेश्वर सेन, जागेश्वर सेन, चमन सेन, नरेंद्र सेन, बसंत सेन, देवेन्द्र सेन, संगीता सेन, उमा सेन, शकुन सेन, अहिल्या सेन, दामिनी सेन, कुमकुम सेन, लीलावती सेन, मेघा सेन सहित स्वजातीय भाई बहन उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा के विभिन्न केन्द्रों का डिप्टी कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



कांकेर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा विभिन्न केन्द्रों में संचालित हो रही है। कांकेर जिले के समस्त विकास खंडों में संचालित परीक्षा को सुचारू रूप संचालन करने के लिए एवं नकल प्रकरण को रोकने के लिए जिला उड़नदस्ता टीम सहित विभिन्न विकास खंडों में उड़न दस्ता टीम का गठन कर लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला नोडल अधिकारी बोर्ड परीक्षा आस्था बोरकर की टीम ने संचालित बोर्ड परीक्षा के विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया तथा कुछ कमियों को देखते हुए केंद्रअध्यक्ष को विभिन्न दिशा निर्देश दिए। उक्त जिला नोडल टीम में लक्ष्मण कवडे सहायक संचालक, वाजिद खान व्याख्याता, ओपी डडसेना व्याख्याता सम्मिलित रहे।







